दिन– गुरूवार दिनांक– 14/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जमुई में जनजातीय गौरव दिवस समारोह और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान समारोह में शामिल होंगे। इस आयोजन के साथ ही भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती वर्ष समारोह की शुरुआत हो जाएगी। श्री मोदी भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट का अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति के उत्थान और ग्रामीण तथा दूरदराज इलाकों में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए छह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये से अधिक राशि की कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। मुंगेर के प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री इस दौरान एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में देश के तीस राज्यों के सौ जिले से लोग वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़ेंगे।

———————————————————

बिहार सरकार ने राज्यकर्मियों और पेंशभोगियों के मंहगाई और राहत भत्ते में तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। अब कर्मचारियों को पचास प्रतिशत की जगह तिरेपन प्रतिशत डीए मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। सरकार के इस फैसले से लगभग दस लाख सरकारी कर्मियों को फायदा होगा। बढ़े हुए डीए का लाभ एक जुलाई दो हजार चौबीस के प्रभाव से लागू होगा। इसके अलावा राज्य मंत्रिमंडल ने पटना मेट्रो निर्माण के लिए एक सौ पंद्रह करोड़ रुपये की राशि मंजूर की। साथ ही मंत्रिमंडल ने ब्रिटेनिया कंपनी को दो सौ छत्तीस करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की। एक अन्य फैसले में राज्य मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों में चार सौ छत्तीस नए पदों के सृजन को मंजूरी दी है।

———————————————————

राजधानी पटना के शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेल नगर स्थित आसरा गृह में कथित तौर पर विषाक्त भोजन खाने से मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गयी है। पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि एक चौबीस वर्षीय महिला और एक छह वर्ष तथा बारह वर्ष की बच्ची की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान प्रारंभिक रूप से यह पाया गया कि विषाक्त भोजन खाने, साफ–सफाई की कमी और लापरवाही के कारण ये मौते हुई हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि भोजन और पानी के नमूने को जांच के लिए भेजा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि पीएमसीएच में तेरह महिलाओं का इलाज चल रहा है, जिनकी स्थिति खतरे से बाहर है। इधर, समाज कल्याण विभाग की अपर सचिव हरजीत कौर ने पीएमसीएच में भर्ती महिलाओं से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि एफएसएसएआई की रिपोर्ट में हल्दी और धनिया खराब होने की बात सामने आई है। श्रीमती कौर ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

———————————————————————

राजगीर में खेली जा रही महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के एक लीग मैच में मलेशिया ने रोमांचक मुकाबले में कोरिया को दो–एक से पराजित कर दिया। अभी जापान और चीन के बीच मैच जारी है।

———————————————————————

राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में इंडोर स्टेडियम और मारवाड़ी महाविद्यालय में नवनिर्मित महिला प्रभाग का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री आर्लेकर ने छात्र–छात्राओं को खेल–कूद में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राओं को बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय प्रभावित लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

———————————————————————

केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती ने बिहार पुलिस में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों पर नियुक्ति के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एक लाख सात हजार उनासी अभ्यर्थी सफल घोषित किये गये हैं। परीक्षा में लगभग बारह लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

———————————————————————

आज बाल दिवस है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर चौदह नवम्बर को बाल दिवस का आयोजन किया जाता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने बेली रोड स्थित पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

—————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।